MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:18 MARCH 2026

प्रतिभा-2026 में बिखरी रचनात्मक ऊर्जा, अभिनय-गायन ने बांधा समां

भोपाल। माखन लाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में चल रहे वार्षिकोत्सव 'प्रतिभा-2026' के दूसरे दिन मंगलवार को परिसर में रचनात्मक ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का उत्साह देखने को मिला। एकल अभिनय और एकल गायन की प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने प्रभावी अभिव्यक्ति और सुरों के माध्यम से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। अभिनय में 28 प्रतिभागियों ने विविध विषयों पर सशक्त प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं, वहीं गायन में गजल और नॉन-फिल्मी गीतों ने समां बांधा। वहीं क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने ज्ञान और वैचारिक क्षमता का परिचय दिया। आयोजन के तहत 19 मार्च को एकल वाद्य, पाश्चात्य गायन और एकल नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RAJ EXPRESS'18 MARCH.2026

एमसीयू में प्रतिभा-2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

नप्र, भोपाल: स्थित एमसीयू में वार्षिकोत्सव 'प्रतिभा-2026' के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एकल अभिनय और एकल गायन भारतीय विधाओं में प्रतिभागियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल अभिनय प्रतियोगिता में 28 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों और निर्णायकों ने खूब सराहा। वहीं एकल गायन में प्रतिभागियों ने नॉन-फिल्मी गीतों, गजल और अन्य रचनाओं के माध्यम से अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने टीम बनाकर अपने ज्ञान का परिचय दिया। निबंध प्रतियोगिता में भी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

SERVICE FROM
'MCNUJC LIBRARY
'DANIK
NAIDUNIYA'18
MARCH.2026

एनएसएस राज्य स्तरीय शिविर में तविषी ने दिखाई नेतृत्व क्षमता

नप्र, भोपाल: माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की छात्रा तविषी देवरानी ने चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान, उद्यमिता परिसर में 8 से 14 मार्च तक आयोजित इस सात दिवसीय शिविर में प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों के लगभग 625 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास और सामुदायिक सेवा की भावना को विकसित करना था। ग्राउंड रिपोर्टिंग और दैनिक गतिविधियों की कंटेंट राइटिंग का कार्य सफलतापूर्वक किया। उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता की सभी ने सराहना की।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY 'DANIK NAIDUNIYA'18 MARCH.2026

चित्रकूट में आयोजित किया गया एनएसएस का राज्य स्तरीय शिविर

एमसीजेयू की छात्रा तविषी ने दिखाई प्रभावी नेतृत्व क्षमता

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग की चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा तविषी देवरानी ने चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धि हासिल की है। शिविर में तविषी ने विश्वविद्यालय का सफ़ल प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रभावी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय मनोहर तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. गजेंद्र सिंह अवास्या, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजय द्विवेदी सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शिविर में प्रदेश के लगभग 7 विश्वविद्यालयों के 625 छात्र-छात्राओं (स्वयंसेवकों) ने हिस्सा लिया था। चित्रकूट स्थित दीनदयाल शोध संस्थान, उद्यमिता परिसर में आयोजित इस शिविर में बौद्धिक सत्रों के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTY'18 MARCH.2026